## धरना शनिवार को तीसरे दिन भी रहा

**जालोर, (कासं)।** शिव सेना जालोर के जिला प्रमुख रूपराज राजपुरोहित के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट के निकट फर्जी रजिस्ट्री करवाने के आरोपियो को गिरफतार करने की मांग को लेकर पीडित राजाराम के न्याय को लेकर धरना शनिवार को तीसरे दिन भी रहा। तथा जिसमें राज्यपाल के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन।

ज्ञापन में बताया कि राजाराम पुत्र समाडामजी, जाति मेघवाल, निवासी बाकरा गाँव की मौजा बाकरा के खसरा नम्बर 2291/2210 रकबा 0.91 हेक्टर की कृषि भुमि मेरे स्वंय की खातेदारी थी। मैं रजिस्ट्री ऑफिस में एक दिन भी नहीं गया रजिस्ट्री के लिये मैंने स्टाम्प नही खरीदे, रजिन्ट्री पर मेरा अंगूठा नहीं है। मैंने मेरी जमीन बेचान नहीं की ना पैसे लिये फिर भी मेरी कृषि भुमि मुलजिम सलीम वाँ पुत्र अली वाँ मुसलमान निवासी बाकरा व खरीददार मुलजिम जीणाराम पुत्र लताजी मेघवाल निवासी रेवतडा व इमरान खा पुत्र जूमुमिया जाति मुसलमान निवासी आसनपोल जालोर इन सभी ने मेरे विरूद्ध षडयंत्र रचकर धोखाधडी कर नकली रजिस्ट्री को असली बताकर मेरी मूल्यवान सम्पति अपने नाम हडप कर ली। जिसका मुकदमा दर्ज कराया, जिसकी एफएसएल रिपोर्ट आ चुकी है।

# 'भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम, पांचवीं बार कमल खिला हैं'

**जालोर, (कासं)।** जालोर-सिरोही-सांचौर लोकसभा सांसद लुंबाराम चौधरी के विजयी होने के बाद प्रथम बार रानीवाडा पधारने पर रानीवाडा स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता संवाद कार्य म आयोजित किया गया, जिसमें सांसद लुंबाराम चौधरी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर आभार व्यक्त किया।

लुंबाराम चौधरी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया की यह जीत भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की हैं, जिसने कमल खिलाने के लिए दिन-रात मेहनत की हैं। उन्होनें अपनी जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं, संगठन एवं आमजन को सौपते हुए कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया की लोकसभा क्षेत्र के विकास रथ को ओर तीव्रता प्रदान करेगें। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया की लोकसभा क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा में भाजपा मजबूत रहीं हैं, भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम हैं कि सांचौर-जालोर'-सिरोही में पांचवीं बार कमल खिला हैं, जिसके लिए प्रत्येक मतदाता का हार्दिक आभार।



सांचोर में सांसद लुम्बाराम के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।फोटो राष्ट्रदूत

इस दौरान सांसद लुंबाराम चौधरी, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, पूर्व जिलाध्यक्ष अमीचंद जैन, सुंधामाता ट्रस्ट अध्यक्ष ईश्वरसिंह देवल, जिला उपाध्यक्ष भेरूदान चारण, एससी मोर्चा जिला महामंत्री रमेश मेघवाल धनपुरा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष तगाराम जीनगर, मंडल अध्यक्ष रि?मलराम डाबी, दौलतसिंह कलापुरा, अमृतलाल चौधरी, तुलसाराम मांजू, बाबूलाल पुरोहित, किसान नेता सोमाराम चौधरी, शेरदान चारण, गोविन्द रावल, दिनेश गर्ग, फुलसिंह जाख?ी, गणपतलाल थावरेसा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## थारपारकर गौवंश कि सेवा कर जन्म दिन मनाया

**पोकरण, (निसं)।** भारत विकास परिषद शाखा पोकरण के सचिव नागाणाराय ग्राम विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष कुम्भ सिंह चाँपावत ने आज66 वें जन्मदिवस पर देशी नस्ल थारपारकर गौवंस संरक्षण संवर्धन करने चाँदन फार्म नंदी संख्या 3938 नागाणाराय ग्राम विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित जय राम गोशाला मंडला को भेंट लोकार्पण कर परम्परागत पानी के स्त्रोत पाबुसर तालाब बामणू को खुदाई अभियान में सहयोग करने पक्षी जीव दया में परिंडे लगाये। उत्कृष्ठ गोसेवक डॉक्टर रमेश यादव ,जसराज पूनिया ,लिखमाराम सुथार ने पदमलाल चाँदी का सिक्का भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही राष्ट्र के गौरव शूरवीर योद्धा 4 युद्ध सहभागिता रहे कैप्टन विजयसिह का बहुमान किया तालाब खुदाई का सर्वोत्तम सहयोग करने के लिए पेपसिह चाँपावत तगतसिह भायल का सम्मान किया गौमाता को हरा चारा खिलाकर अपना जन्मदिन मनाकर दीर्घायु होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गोपालसिह राठौड ने गोशाला को 15000 दवाइयाँ भेंट की ।उपस्थित सभी ने अपने सामर्थ्य अनुसार राशि भेंट की। समारोह में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अभय कुमार अग्रवाल पूनमसिह नरावत भवानी सिंह डोडिया किशनाराम मेघवाल,धनसुख लवा आदि गणमान्य उपस्थित थे उन्होंने इस पहल की सराहना की।

## सार-समाचार

### 'आरोपी राजीनामा करने के लिए डाल रहे दबाव'

**जालोर, (कासं)।** सायला कस्बे के चर्चित फर्जी रजिस्ट्री करवा कर जमीन हडपने के मामले में शनिवार को मृतक के पुत्र तेजसिंह ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मुलजिमानों पर राजीनामा करने का दबाव डालने और धमकाने का आरोप लगाया है। साथ मुलजिमानों को शीघ्र गिरफ्तार करने की भी मांग की है। इधर, इस मामले में तेजसिंह पुत्र शंभूसिंह जाति भोमिया राजपूत निवासी सायला ने राज्य के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक, मुख्य सचिव और पुलिस महानिरीक्षक पाली को भी ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि प्रार्थी ने पुलिस थाना सायला में 6 जून 2024 को मुकदमा दर्ज करवाया था कि मुलजिमान बलवंतसिंह पुत्र कानसिंह भोमिया राजपूत और मांगीलाल पुत्र छोगालाल फोलामुथा जैन ने षडयंत्र रचकर प्रार्थी के पिता शंभूसिंह द्वारा खरीदसुदा खातेदारी आराजी की कूटरचित दस्तावेजों से दुबारा रजिस्ट्री करवा दी थी। ज्ञापन में आरोप लगाया कि मामला दर्ज होने के आठ दिन बाद भी मुलजिमानों को गिरफ्तार नहीं किया गया है, वहीं दूसरी ओर मुलजिमानों द्वारा प्रतिदिन समाज के लोगों और अन्य प्रभावशाली लोगों और गुंडों को भेजकर राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है तथा राजीनामा नहीं करने पर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि मुलजिम बलवंतसिंह और मांगीलाल भूमाफिया है तथा इनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, मुलजिमानों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो मुलजिमान उसके या उसके परिवार के लोगों के साथ अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते हैं। ज्ञापन में बताया कि तेजसिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान सरकार के गृहमंत्री मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक जयपुर, पुलिस महानिरीक्षक पाली को ज्ञापन भेजकर न्याय की गुहार लगाई है तथा मुलजिमानों की गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन की प्रति सभी को स्पीड पोस्ट से भेजी है।

## रक्तदान किसी को दे सकता है जीवन दान : डॉ. चौधरी

**भीनमाल,(निसं)** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार शाम को मरुधरा ब्लड सेंटर भीनमाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ अंकेश चौधरी व डॉ रवि पटेल ने रक्त वीरों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंकेश चौधरी भीनमाल हॉस्पिटल व डॉ. रवि पटेल सर्वोदय हॉस्पिटल मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। डॉ. अंकेश चौधरी ने कहा कि रक्तदान सबसे बडा दान होकर महा दान है।

उन्होंने कहा कि रक्त ही किसी दुर्घटना या बीमारी में किसी को जीवन दे सकता है। डॉ. रवि पटेल ने कहा कि कार्य म अकेले किसी दिवस पर आयोजन न होकर प्रत्येक माह किया जाना चाहिए। जिससे जिले में रक्तदान करने के लिए लोगों को प्रेरणा मिले और अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रोत्साहित हों। इस अवसर पर मरुधरा ब्लड सेन्टर के प्रबंधक रविशंकर दवे ने अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा कि 18 साल की उम्र के बाद कम से कम साल में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने विभिन्न संस्थाओं की ओर से समय - समय पर रक्तदान शिविरों के माध्यम से किए गए रक्तदान की सराहना की। समाज सेवी व रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले रक्तवीर सतीश सैन ने कहा कि सम्मान से लोगों को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस पर मरुधरा ब्लड सेन्टर की ओर से रक्तदान करने वाले रक्त वीरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कैलाश जैन, सुनिल तिवारी, सुरेश कुमार नामा, अश्विन सोनी, उदय सिंह, हीरालाल भाटी, वि म राठी, ललित होंडा, मनीष दवे, मुकेश सोलंकी, रणछोड, अकरम, हितेश, निरमा सहित समाजसेवी और अन्य रक्तवीर मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई महेश नवमी

**भीनमाल, (निसं)।**शहर की माहेश्वरी कॉलोनी स्थित माहेश्वरी समाज न्याति नोहरा में माहेश्वरी समाज के लोगों ने महेश नवमी पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई। महेश नवमी माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस के रूप में मनाई जाती है।

माहेश्वरी समाज में महेश नवमी के अवसर पर विभिन्न कार्य म आयोजित किए गए। सर्वप्रथम सुबह पूजा कर भगवान महेश का महाभिषेक किया गया। न्याति नोहरे से विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो क्षेमंकरी सर्किल, गायत्री माता मंदिर, खारी रोड, माघ चौक, चंडीनाथ मंदिर होते हुए पुनः माहेश्वरी समाज न्याति नोहरा भवन पहुंची। जहां महाआरती का आयोजन हुआ। शोभायात्रा में जगह जगह आइस ीम पेय पदार्थ की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा में सभी समाज बंधुओं, महिलाओ और बच्चों ने बढ चढ कर भाग लिया। दोपहर में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**जालोर, (कासं)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लेकर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने लीड बैंक अधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने लीड बैंक अधिकारी रमेश कुमार से कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु अपने स्तर पर भी समुचित प्रयास करें। संबंधित बैंक अधिकारियों को निर्देश प्रदान करें कि वे न्यायालयों में लंबित चल रहे प्रकरणों में भी संबंधित पक्षकार से वार्ता कर बैंक की ओर से दी जा रही छूट के बारे में जानकारी देकर प्रकरण को निस्तारित करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विशेष कर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में 13 जुलाई को लोक अदालत का आयोजन होगा।

न्यायालयों में लंबित चल रहे एनआईएक्ट, आर्बिटेशन, धन वसूली आदि के प्रकरणों में विशेष प्रयास कर प्रकरणों को राजीनामा की भावना से निस्तारित करवाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश प्रदान करें कि वे पंचायत समिति स्तरीय प्री काउंसलिंग में भी रिकॉर्ड के साथ शामिल होकर प्रकरणों को राजीनामा के जरिए निस्तारण हेतु प्रयास करें।

# बदमाशों ने व्यापारी के तीन लाख रुपए से भरा बैग लूटा

- दिनदहाड़े बाइक पर आए दो बदमाश लूट की वारदात कर भाग गए
- घटना के बाद जिले भर में नाकाबंदी करवाई, सीसीटीवी फुटेज खंगाले

**पाली, (निसं)।** शहर में शनिवार को दिनदहाड़े बाइक पर आए दो बदमाशों ने व्यापारी की स्कूटी पर आगे रखा तीन लाख रुपयों से भरा बैग लूट लिया। व्यापारी और उसके साथी चिल्लाकर उनका पीछा किया। लेकिन बदमाश तेज स्पीड से भाग गए। घटना की जानकारी मिलने पर जिले में भर नाकाबंदी करवाई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो संदिग्ध बाइक सवार सुमेरपुर की तरफ जाते नजर आए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

शहर कोतवाल किशोर सिंह बताया कि पाली के पुराना हाउसिंग बोर्ड हाल बीसीएम प्रोपर्टी में काम करने वाले आनंद मेहता पुत्र भीमसिंह जैन ने रिपोर्ट देकर बताया कि सुबह करीब 11.30 बजे मस्तान बाबा एक्सिस बैंक गया था। उनके साथ किशनपुरा निवासी गणेशराम सीरवी भी थे जिन्होंने एक्सिस बैंक से 1 लाख 80 हजार रुपए निकालकर उन्हें दिए। बैग में 1 लाख 20 हजार और कैश था। बैग में कुल 3 लाख रुपए, 3 चेक बुक, एटीम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, हिसाब-किताब लिखने की दो बुक थी। बैंक से वापस वे स्कूटी से ऑफिस के लिए रवाना हुए। रुपयों से भरा बैग स्कूटी के फुटस्टेंट पर आगे रखा हुआ था। स्कूटी पर पीछे उनके साथ गणेशराम बैठा हुआ था। जैसे ही वे मस्तान बाबा से व्यास सर्किल पहुंचे। इस दौरान पीछे से एक बाइक पर दो युवक आए। एक युवक ने तेजी से चलती स्कूटी से आगे रखा रुपयों से भरा बैग झपट्टा मारकर लूटा और व्यास सर्किल से यूर्टन लेकर वापस मस्तान बाबा की तरफ दौड़ा दी। चिल्लाते हुए उनकी पीछे स्कूटी लेकर भागे लेकिन दोनों बदमाश देखते ही देखते उनकी आंखों के सामने से फरार हो गए। वे सुमेरपुर की तरफ बाइक लेकर भाग गए। मामले में एसएचओ कोतवाली किशोरसिंह ने बताया कि घटना के बाद एक्शन लेते हुए तुरंत जिले भर में नाकाबंदी करवाई।

## अफीम के अवैध दूध के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**भीनमाल, (निसं)** भीनमाल पुलिस ने रामसीन रोड स्थित रेलवे क्रासिंग पर पर एक ऑल्टो कार में सवार तीन युवकों की तलाशी लेकर उनसे करीब 392 ग्राम अवैद्य अफीम का दूध बरामद किया है।

कार को जब्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।भीनमाल थानाधिकारी बाबूलाल जांगिड ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैद्य मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी रामेश्वर लाल मेघवाल, डिवाइसपी अन्नराज सिंह राजपुरोहित, सीआई बाबूलाल जांगिड के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

# सड़क निर्माण शीघ्र पुरा करें : सवाराम पटेल

**जालोर,(कासं)** कांग्रेस नेता व पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर माँग की है कि विधानसभा क्षेत्र आहोर में सडके क्षतिग्रस्त, टूटी-फूटी व खस्ता हाल में पडी हैं इनको शीघ्र ठीक किया जाये।पत्र में लिखा है कि जालोर से आहोर , भाद्राजून,रोहट टोलरोड का नवीनीकरण , पुनःनिर्माण करने के लिये पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने वर्ष 2022 के बजट में 1० करोड व 2023 के बजट में 14 करोड रुपये स्वीकृत किये थे लेकिन विभागीय लापरवाही व वर्तमान सरकार की उदासीनता के कारण अभी तक रॉड का पुननिर्माण नहीं हुआ है विशेष रूप से जहां जहां गाँव कांबा, अजीतपुरा, निम्बला,भाद्राजून , कुलथाना, वायद , जेतपुर आते है वहाँ पूरी तरह रॉड टूटी हुई है रॉड किनारे दुकानदारो को स्वास्थ्य व माल खराब होने पर भारी नुकसान हो रहा है ।

पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने नरसाना (बिशनगढ) से भंवरानी, बाला, भोरडा, घाना, गेलावास (पाली), सामूजा(बालोंतरा) से धुँधाडा (जोधपुर) तक 24 फुट चौडी सडक 56 किलोमीटर, 56 करोड रुपये सड़क की स्वीकृति की थी वो भी अधूरी पडी हैं। माधोपुरा(भेसवाडा-आहोर) से सामूजा, वेडीया, आईपुरा से बावडी सडक एवम् आहोर से खारा, जोगावा,शंकवाली, चुण्डा,निम्बला तक 18 फिट चौडी सड़क का निर्माण भी अधूरा पडा है क्षेत्र में और भी कई सडक अधूरी पडी है टूटी फूटी पडी है ।

## संविधान खतरे का नारा लगाने वाली कांग्रेस 1975 को भूल गई : बोरली

**जालोर, (कासं)।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने लोगों को भ्रमित करने हेतु संविधान को खतरे में बताकर, भाजपा को रोकने का प्रयास किया, वहीं भाजपाई कांग्रेस शासन में हुए संविधान संशोधन और आपातकाल को लेकर कार्य म करने में लगी हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया की भारतीय संविधान को कल्कित करने का काम कांग्रेस के शासन में प्रधानमंत्री के रूप में इन्दिरा गांधी ने किया था, लोकसभा चुनाव में हुई धांधली को आमजन के समक्ष आने से रोकने के लिए संविधान को खत्म कर, देश को आपातकाल के हवाले कर दिया, और हजारों बेकसुरों को मौत के घाट उतराने का कार्य किया। उन्होने बताया की आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित काला दिवस मनाने के उपलक्ष में जालोर-सांचौर भाजपा द्वारा विभिन्न कार्य म आयोजित किये जायेंगे। उन्होने बताया की कार्य म के सफल आयोजन हेतु विभिन्न कार्यकर्ताओं को जिला, विधानसभा एवं मंडल स्तरीय जिम्मेदारी सौपी गई हैं, जिसमें जिला संयोजक के रूप में जिला महामंत्री प्रकाश छाजे? एवं सह-संयोजक के रूप में प्रदेश चिकित्सक प्रकोष्ठ सह-संयोजक डॉ. शीला बिश्नोई एवं जिला मंत्री इन्द्रसिंह राणावत को नियुक्त किया गया हैं। आहोर विधानसभा के लिए संयोजक बंशीलाल सुथार, सह संयोजक महेन्द्रसिंह राजपुरोहित, जालोर विधानसभा के लिए संयोजक पुखराज राजपुरोहित, सह-संयोजक सुरेश वैष्णव, भीनमाल विधानसभा के लिए संयोजक पुखराज चौधरी, सह-संयोजक श्रवण पटेल, दांतीवास, रानीवाडा विधानसभा हेतु संयोजक भवानीसिंह देवडा, सह-संयोजक अमलू बिश्नोई, सांचौर विधानसभा हेतु संयोजक भूराराम छीपा सह-संयोजक अमराराम देवासी को नियुक्त किया गया है। वहीं मंडल स्तरीय संयोजकों में आहोर से रिखबेश सुथार, बागरा से भीखाराम सरगरा, भाद्राजुन से कैलाश शर्मा, चांदराई से पुखराज , गोदन से अशोक राजपुरोहित, गुडा बालोतान से उगसिंहजी, जालोर नगर से राजेन्द्र टाक, जालोर ग्रामीण से संजय रावल सांथु, उम्मेदाबाद से कल्याणसिंह, सायला से लालाराम माली, जीवाणा से सुरेश वैष्णव, पोषाणा से भारताराम चौधरी, भीनमाल नगर से नरपतसिंह राव, भीनमाल ग्रामीण से सुरजपालसिंहजी, बागौडा से डॉ. नरेन्द्र चौधरी, ज टांपी-डूंगरी से सांवलाराम मोदी, सत्यपुर से गजेन्द्रसिंह कारोला को नियुक्त किया गया।

## ढोल नगाडों के साथ लगा अन्न प्रसादम भोग

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा के निकट जसोल में ज्येष्ठ का महीना, शुक्ल पक्ष की उज्यारी नवमी, जसोल माँ का पावन दरबार और जहां अल सुबह से दर्शनों की लगी लम्बी कतारे, जयकारें से गुंजयमान वातावरण जिसका खूबसूरत नजारा जसोलधाम में शनिवार को देखने को मिला।

ज्येष्ठ की नवमी पर जसोलधाम में श्री राणीसा भटियाणीसा के दर्शन-पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमडा। श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में शीश नवा आशीर्वाद प्राप्त कर परिवार में खुशहाली की कामनाएं की। साथ ही श्रद्धालुओं के जयकारों, भजनों से तीर्थ परिसर गुंजायमान रहा। नवमी को लेकर माजीसा की प्रतिमा का विशेष पूजन करके नए वस्त्रों, गहनों व फूल मालाओं से आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती उतारी गई। श्रद्धालुओं ने परिसर स्थित श्री सवाईसिंह जी, श्री लालबन्नासा, श्री खेतलाजी, श्री भेरूजी व श्री बायोसा के मंदिरों में दर्शन-पूजन कर व प्रसाद चढा परिवार में खुशहाली की कामना की। दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। ओर हजारों श्रद्धालुओं ने माँ के दर्शन किए। मंदिर संस्थान की ओर से श्रद्धालुओं के लिए छाया, पानी, फव्वारे व सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसादी का लाभ मिले उसकी कडी में शुरू की गई।

# 21वीं बार रक्तदान कर बचाई प्रसूता की जान

**जालोर, (कासं)।** जालोर के राजकीय चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक से रक्त के बदल रक्त देने के गलत प्रावधान के चलते कई मरीजो को जान जोखिम में जाती नजर आ रही है। वही शनिवार को प्रसूता को रक्त की आवश्यकता होने पर ब्लड बैंक से उपलब्ध नही करवाने पर आर्य वीर दल के कूपाराम आर्य ने रक्तदान कर प्रसूता की जान बचाई।

जिला नर्सिंग छात्र संगठन जालोर के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल में बताया कि शनिवार को मातृ एव शिशु अस्पताल में भर्ती प्रसूता शारदा देवी के परिजन ने सुबह फोन कर बताया की प्रसूता को आपातकालीन ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत है एवं ब्लड बैंक द्वारा बिना रिप्लेसमेंट ब्लड देने से स्पष्ट मना कर दिया है। जबकि साथ में ठहरे परिजन ने पहले से ब्लड दे चुके हैं। ऐसी स्थिति में ब्लड की तत्काल व्यवस्था करना नामुनकिन सा है। इसी बीच जिलाध्यक्ष मेघवाल ने पीएमओ पूनम टांक से ब्लड दिलवाने का आग्रह किया गया। लेकिन परिजन के साथी बाद में गांव से आने पर रिप्लेस कर देंगे लेकिन बात नही बनी। इसी बीच स्थिति को बिगडता देख जिलाध्यक्ष मेघवाल ने शहर के आर्य वीर दल के बॉक्सिंग कोच कुपाराम आर्य को सम्पर्क कर ब्लड देने



जालोर के आर्य वीर दल के कूपाराम आर्य ने प्रसूता को रक्तदान कर जान बचाई।

का आग्रह किया। जिस पर आर्य तत्काल अपने कार्यस्थल से हॉस्पीटल पहुंच कर रक्तदान कर प्रसूता को ब्लड प्रदान किया गया। इससे पूर्व में कोच कुंपाराम आर्य ने 20 बार रक्दान कर चुके हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में , आर्य राष्ट्रीय स्तरीय कोच एवं पेशे से नागरिक सुरक्षा सदस्य हैं जो कलेक्ट्रेट में कार्यरत हैं। इस अवसर पर कोच कुंपाराम आर्य, प्रसूता के पति कैलाश राव , लक्ष्मण राव, व ब्लड बैंक स्टाफ मौजूद रहे।


**NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT CHANGE OF PARTNERS OF M/S MAHALAXMI METAL UDHIYOG (FRN NO. RF/SRH/2022/1665)**

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules framed under Indian Partnership Act, 1932 this is to state that following partners are admitted/Retired from the Partnership firm M/s MAHALAXMI METAL UDHYOG, at Plot No. SPL-9 (C), Riico Growth Centre Phase-II, Maval Aburoad, Sirohi, (Raj)- 307026 w.e.f 28.05.2024

1. **Mrs. RATANKANWAR BHAIRUSINGH DAHIYA W/O BHAIRUSINGH DAHIYA** aged 30 years, adult Indian Inhabitant, having his address at at Flat No. 2302, B-Wing Magnum, Tower, Plot No. 3/50, Chiwada Gulley, Lalbaug, Mumbai, Maharashtra-400012 Admitted w.e.f 28.05.2024.

**IF ANY PERSON HAVE OBJECATION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS, SIROHI WITHIN 7 DAYS.**

**NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT CHANGE OF PARTNERS OF M/S ARIHANT TUBES (FRN NO. 38/24/2011)**

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules framed under Indian Partnership Act, 1932 this is to state that following partners are admitted/Retired from the Partnership firm **M/s ARIHANT TUBES** E-24, Riico Growth Center Phase-II, Abu Road, Dist. Sirohi, Rajasthan 307026 w.e.f 01.04.2024.

1. **Mrs. MAYA BAGRECHA W/O SUNIL BAGRECHA,** aged 35 years, adult Indian Inhabitant, having her address W/O Sunil Bagrecha, B-98, Riico colony, Santpur, Abroad, Sirohi, Rajasthan-307026 is admitted in our firm w.e.f 01.04.2024.
2. **Mr. SUNIL KUMAR S/O SHRI KANTILAL BAGERCHA** aged 36 years, adult Indian Inhabitant, having his address at C/98, Riico Colony Abu road, Sirohi, Rajasthan-307026 is Retired from firm w.e.f 01.04.2024.

**IF ANY PERSON HAVE OBJECATION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS, SIROHI WITHIN 7 DAYS.**

**NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT CHANGE OF PARTNERS OF M/S BOND INFRA("(Old Name -MATU SHRI OIL MILL) (FRN NO. RF/SRH/2021/3550)**

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules framed under Indian Partnership Act, 1932 this is to state that following partners are admitted/Retired from the Partnership firm M/s BOND INFRA (Old name - MATU SHRI OIL MILL) at C/O Pavan Kumar, Soni Gali sawroopganj, Bhavri, Sirohi, Rajasthan 307023 admitted w.e.f 30.04.2024.

1. **Mr. NITESH AGARWAL S/O PAWAN AGARWAL** aged 21 years, adult Indian Inhabitant, having his address at at S/O Pavan Kumar, Soni Gali, sawroopganj, Bhavri, Sirohi, Rajathan- 307023 Admitted w.e.f 30.04.2024.
2. **Mr. RAVINDRA GUPTA S/O OM PRAKASH GUPTA** aged 43 years, adult Indian Inhabitant, having his address at S/O OM Prakash Gupta, Sadar Bazar, Sarupganj Bhavri, Sirohi, Rajasthan- 307023 Retired w.e.f 30.04.2024.

**IF ANY PERSON HAVE OBJECATION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS, SIROHI WITHIN 7 DAYS.**

**NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT CHANGE OF PARTNERS OF M/S UMA POLYCHEM (FRM NO. RF/SRH/68/24/2015)**

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules framed under Indian Partnership Act, 1932 this is to state that following partners are admitted/retired from the partnership firm **M/s UMA POLYCHEM ,** at Plot No. F-301 , Growth Centre Phase-1 Aburoad sirohi Rajasthan-307026 w.e.f 27.09.2022

1. **Mr. NARESHKUMAR RAMANBHAI PATEL S/O RAMAN BHAI** aged 55 years adult Indian Inhabitant, having his address at 58 uttar Gujarat Society, Near mohan talkies, Asarva, Ahmedabad, Gujarat hase/have joined the firm as new partners/partners of the firm with effect form 27.09.2022
2. **Mrs. CHAMPA BEN L.PATEL W/O LALIT KUMAR PATEL** aged 59 Years, adult Indian Inhabitant, having her address 976/2 Bijnigam, sector -13 ,Gandhinagar Gujarat has/have retired as partner/partners of the firm with effect from 27.09.2022

**IF ANY PERSON HAVE OBJECATION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS, SIROHI WITHIN 7 DAYS.**

**NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT CHANGE OF PARTNERS OF M/S HIND DEVELOPERS (FRM NO. RF/SRH/2021/3551)**

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules framed under Indian Partnership Act, 1932 this is to state that following partners are admitted/retired from the partnership firm **M/s HIND DEVELOPERS** , at Plot No. B-31 (A), Growth Centre Phase Maval Aburoad Sirohi Rajasthan- 307026 w.e.f 18.04.2024

1. **Mr. JAMTA RAM S/O VALAJI** aged 48 years adult Indian Inhabitant, having his address at S/o Vala ramji,50k Aam Chouhata Kawtara, Jalore , Rajasthan -343030 admitted w.e.f 18.04.2024.
2. **Mr. NARESH KUMAR S/O SANWAL CHAND AGARWAL.** aged 51 years, adult Indian Inhabitant, having his address at S/o sanval Chand Agarwal Colony Bhinmal, Jalore Rajasthan-343029 Retired w.e.f 18.04.2021

**IF ANY PERSON HAVE OBJECATION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS, SIROHI WITHIN 7 DAYS.**

**NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT CHANGE OF PARTNERS OF M/S UMA POLYCHEM (FRM NO. 68/24/2015)**

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules framed under Indian Partnership Act, 1932 this is to state that following partners are admitted/retired from the Partnership firm **M/s UMA POLYCHEM,** Plot No. F-301, Growth Centre Phase-1 Aburoad Sirohi Rajasthan-307026 w.e.f 01.04.2016

1. **Mrs. MEENA BEN N. PATEL W/O NARESH KUMAR PATEL,** aged 47 years, adult Indian Inhabitant, having her address at 58, Patel Society, part -2, Near mohan takies, Asarva, Ahmedabad, Gujarat has/have joined the firm as new partners/partners on 01.04.2016
2. **Mrs. CHAMPA BEN L.PATEL W/O LALIT KUMAR PATEL** aged 53 years, adult Indian Inhabitant, having her address at 976/2 Bijnigam, sector -13, Gandhinagr, Gujarat has/have joined the firm as new partner/partners on 01.04.2016
3. **Mr. NARESH KUMAR PATEL S/O RAMAN LAL LATEL ,** aged 49 years adult indian inhabitant having his address at 58 patel society, part-2, Near mohan talkies, Asarva, Ahmedabad, Gujarat has/have retired as partner/partners of the firm with effect from 01.04.0216
4. **BHUPAT BHAI PATEL S/O GOVIND BHAI PATEL** aged 51 years adult indian inhabitant having his address at 60 patel society, part -2, Near mohan talkies, Asarva, Ahmedabad, Gujarat has/have retired as partner/partners of the firm with effect from 01.04.2016.

**IF ANY PERSON HAVE OBJECATION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS SIROHI WITHIN 7 DAYS.**